वर्ष 1 - अंक 68
शुक्रवार 7 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585


# रणजीत टाइम्स

## सरदार वल्लभ भाई पटेल और महात्मा गांधी चौराहे का होगा सौंदरीकरण

### लगेगी नई प्रतिमा - महापौर




आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स


इंदौर । शहर के दो प्रमुख चौराहों का सौंदरीकरण किया जाएगा इसको लेकर आगामी एम आई सी बैठक में निर्णय लेकर काम शुरू होगा,महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि इंदौर का रीगल चौराहा पर गांधी प्रतिमा और शास्त्री ब्रिज पर वल्लभभाई पटेल प्रतिमा को बदलकर नई आकर्षक, सुंदर और संदेश देने वाली प्रतिमा में बदला जाएगा, साथ ही दोनों सर्किल को आकर्षक और मनमोहक बनाया जाएगा,महापौर ने बताया कि अगली एमआईसी में संकल्प लेकर प्रस्ताव पास कर सबकी सलाह के साथ सोदरीकरण करने का हमारा विचार है। महापौर ने कहा की शहर के पुराने गांधी वादी विचारक, कांग्रेस के वरिष्ठ साथी शहर के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ निर्णय लेकर दोनों चौराहों का सौंदरीकरण किया जाएगा।

## इंदौर थाना बाणगंगा द्वारा किए पुलिस से हुज्जत करने वाले आरोपी गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स



इंदौर।पुलिस कर्मी के साथ हुज्जत करने वाले अपराध क्रमांक 138 /24 धारा 127( 2), 121, 296, 115(2), 132, 3(5) के आरोपी रवि पिता प्रेम सिंह राठौड़ उम्र 25 साल निवासी 71/1 शिवकंठ नगर और विकास पिता रमेश दबी उम्र 29 साल निवासी 470 दीवाल वाली गली शिवकांत नगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विकाश जोबट जिला अलीराजपुर में उप जेल में जेल प्रहरी के रूप में पदस्थ है।दोनों आरोपी गणों को गिरफ्तार कर दिनांक 7 2 2025 तक का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। प्रकरण के शेष दो आरोपी अरविंद और विकास दोनों की तलाश जारी है।

## जनसंवाद अभियान





वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे अभियान में थाना आजाद नगर क्षेत्र की चाकलेट फैक्टरी के कर्मचारियों को दिनांक 060/2/25 सब इंस्पेक्टर प्रियंका बोरा सब इंस्पेक्टर दुर्गा सुर्यवंशी साइबर वा थाना स्टॉप के द्वारा सुरक्षा से संबंधित सेल्फ क्लिक मध्य प्रदेश जनसंवाद अभियान के अंतर्गत लोगों को साइबर क्राइम के बारे में समझाया डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई भी चीज नहीं होती वह अन्य साइबर से होने वाले फ्रॉड की जानकारी देकर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन नंबर 704912 4445 पर शिकायत करने के संबंध में समझाया तथा सायवर अवेयरनेस पंपलेट दिए गए अपने आसपास पड़ोसी रिश्तेदारों को जागरूक करने व व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाने की समझाइश दी गई।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना की समीक्षा बैठक

## बाल विवाह पर लगाए पूर्णतया रोकथाम: मनीष बंसल


रणजीत टाइम्स (संवाददाता)


**सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढाओ, जिला बाल कल्याण समिति, बाल विवाह की रोकथाम तथा जिला टॉस्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।**

बेटी बचाओं-बेटी पढाओं योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूलों में जाकर छात्रों को सोशल मीडिया के दुष्परिणामों एवं आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस के बारे में जागरूक किया जा। इसके साथ छात्राओं को ये भी बताया जाए कि उनके साथ दुर्व्यवहार होने पर बिना किसी डर के किसको जानकारी देनी है। इसके लिए उन्होंने पुलिस एवं प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर स्कूलवार रोस्टर बनाते हुए जागरूकता कराने के निर्देश दिए। बाल विवाह प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देश दिए कि सुनश्चित



किया जाए कि जनपद में कहीं भी बाल विवाह न हो। अगर कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो ऐसा कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बाल विवाह की रोकथाम के लिए आमजन को विभिन्न माध्यमों से जागरूक भी किया जाए। जिलाधिकारी ने राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख महिला संगठन में रहने वाली अविवाहित संवासिनियों की इच्छा जानते हुए उनका विवाह सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कराने के निर्देश दिए। बाल गृह में निवासरत बालिकाओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। बाल गृह में रहने वाली बालिकाओं का नियमित मेडिकल चेकअप कराने के निर्देश एसीएमओ को दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी नन्दलाल प्रसाद, एडीआईओ मो0 दानिश, प्रोग्रेसिव स्कूल सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, बाल कल्याण समिति एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी में एयरफोर्स का

# फाइटर प्लेन क्रॉस

खेत में गिरते ही मिराज 2000 मे आग लगी दोनों पायलट हादसे से पहले कूदे



रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

**मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का टू सीटर फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। हादसा दोपहर करीब 2.40 बजे हुआ। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट (बचकर निकले) कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं।**

एक पायलट की तस्वीर भी सामने आई, जिसमें वो मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एयरफोर्स की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को ग्वालियर लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि तीन विमानों ने ग्वालियर से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। इनमें से दो प्लेन सुरक्षित लौट गए। एयरफोर्स ने हादसे की शुरुआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पायलट ने सीनियर अफसरों को दी जानकारी विमान के पायलट ने हादसे के बाद फोन के जरिए अपने सीनियर अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा- जोशी, जाधव बोल रहा हूं...। वेस्ट में मैं इजेक्ट हुआ हूं। जहां पर एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ है, मैं वहां पर हूं, आसानी से देख सकते हो। मेरे साथ भोला सर थे। प्लीज जल्दी से मदद भेजो। पायलट जाधव ने अपनी लोकेशन बताई। उन्होंने कहा- एयरक्राफ्ट जल रहा है, ऊपर से दिख जाएगा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को चुप रहने को भी। एयरफोर्स ने दिए हादसे की जांच के आदेश

भारतीय वायु सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- भारतीय वायुसेना का एक मिराज 2000 विमान आज एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सिस्टम में खराबी के कारण शिवपुरी (ग्वालियर) के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए भारतीय वायुसेना द्वारा जांच के आदेश दिए गए हैं।

# एनीमिया सर्वाइकल कैंसर से बचाव विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन हुआ

रणजीत टाइम्स (संवाददाता)

प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द में एनीमिया सर्वाइकल कैंसर से बचाव विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजत हुआ, साथ ही बच्चों तथा उनके अभिभावकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण। प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द विकासखंड सरोजिनी नगर के आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सरोजिनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह उपस्थित हुए । कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती स्तुति ,दीप प्रज्वलन व बच्चों की नक्षत्र शाला नमक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुआ। विशिष्ट अतिथि के तौर पर शैलेंद्र दुबे, शिव शंकर सिंह, रिटायर्ड कर्नल सत्येंद्र सिंह, एच एन पांडे ,सी बी पांडे उपस्थित रहे। डॉ.राजेश्वर सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है और पौष्टिक भोजन बलिष्ठ शरीर बनाने में मददगार होता है अतः बच्चों की माताओ को उन्हें संतुलित भोजन प्रतिदिन खिलाना चाहिए। विधायक राजेश्वर सिंह ने बच्चों को खेल के प्रति उत्साहित रहने को कहा उन्होंने बताया कि यदि बच्चे खेलेंगे तो उन्हें समय से भूख भी लगेगी और उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इस आयोजित कार्यक्रम में दस मेधावी बच्चों को लैपटॉप देकर तथा दस हाई स्कूल में अच्छा नंबर लाने वाले ग्रामीण इलाकों के बच्चों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोलते हुए वरिष्ठ नेता शिव शंकर सिंह ने बच्चों को विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेने को भी कहा। कार्यक्रम संयोजक के रूप में विनोद वर्मा व पार्षद प्रतिनिधि मनोज रावत उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन सर्वजन हिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने किया तथा विद्यालय के स्टाफ नसीम सेहर , सतीश सिंह ,सरिता यादव उपस्थित रही। इंजीनियर शैलेंद्र दुबे ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोलते हुए बच्चों को मेहनत से पढ़ने और जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने को कहा। अलीनगर खुर्द की शिक्षिका नसीम सेहर ने सभी को बताया पिछले वर्ष विद्यालय कैंपस में सरोजिनी नगर के विधायक के द्वारा झूले भी प्रदान किए गए थे जिसमें बच्चे अपने खाली समय में झूलते भी हैं झूले लगने से बच्चों की अटेंडेंस में भी सुधार हुआ है बच्चों के स्वास्थ्य और



मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। सरोजिनी नगर विशेष तौर पर बिजनौर के शिक्षकों सीमा द्विवेदी, सुमन दुबे,गीता वर्मा, रेनू त्रिपाठी, विनोद कुमारी अलका रंजन, शुची श्रीवास्तव, माधुरी देवी को कुशल विद्यालय संचालन हेतु सम्मानित किया गया। सरोजिनी नगर ब्लॉक के एआरपी ज्ञान प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, भूपेश ओझा, संजय सिंह,विनोद गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे गांव अलीनगर खुर्द में आयोजित फ्री हेल्थ कैंप में एनीमिया सर्वाइकल कैंसर से बेटियों का महिलाओं का जागरूकता अभियान आयोजित किया गया जिसमें फिजिशियन डॉ.अनूप सिंह चौहान ,गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ.मिथिलेश सिंह, गाइनेकोलॉजिस डाइटिशियन डॉ.रानू सिंह के साथ ही आयुष अस्पताल की तरफ से डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ ज्ञान प्रकाश ,डॉ अफसाना बेगम, पिंकी ,कुलदीप, दिलीप और आलोक उपस्थित हुए। डॉक्टर के पैनल के द्वारा गांव की महिलाओं बेटियों तथा पुरुषों की बीमारियों का इलाज ,जांच करने के उपरांत दवाएं प्रदान कर किया गया प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का बिना खून निकाले हीमोग्लोबिन की जांच मशीन के द्वारा की गई। जिन कुछ बच्चों हीमोग्लोबिन कम था उनकी मातओ को डाइट चार्ट बना कर दिया गया। वरिष्ठ नेता विनोद वर्मा ने बताया की बेसिक के स्कूलों में छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हीमोग्लोबिन के स्तर को जांचने की डॉक्टर रानू सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सामुदायिक पोषण ग्रुप की तरफ से सराहनी पहल है। इस तरह की जांच पूरे बेसिक के स्कूल में होनी चाहिए। कार्यक्रम में पत्रकारिता और समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए पत्रकार आर के विश्वकर्मा तथा पत्रकार आशीष सिंह को सम्मानित किया गया। बेसिक विद्यालय में पढ़ने वाली रिया यादव तथा शिवा रावत को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में रेस में प्रथम द्वितीय स्थान प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया। गांव अलीपुर खुर्द के बच्चों को क्रिकेट किट प्रदान की गई। विधायक जी की तरफ से आयुष अस्पताल को रुद्राक्ष के पौधे और विद्यालय प्रांगण को लक्ष्मी सूक्त नमक कैंसर रोधी पौधा प्रदान किया गया इस पौधे की पत्तियां का काढ़ा पीने से सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति मिलती है। संगोष्ठी में सरोजिनी नगर तथा अन्य ब्लॉकों के शिक्षकों ने प्रतिभा किया।

# शिवपुरी : हाईवे जाम करने वाले 70 लोगों पर केस

## युवक की मौत के बाद परिजनों ने फांसी को हत्या बताकर किया था प्रदर्शन

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

शिवपुरी जिले में एक युवक की संदिग्ध मौत के बाद हाईवे जाम करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 20 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल, 4 फरवरी को ग्राम उटवाहा निवासी रामू पाल का शव एक पेड़ से लटका मिला था। मृतक के भाई धारा सिंह पाल की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और शव का पोस्टमार्टम करैरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। अगले दिन 5 फरवरी को, मृतक के परिजनों ने फांसी को हत्या का मामला बताते हुए करीब 50 से अधिक लोगों के साथ उटवाहा तिराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर हाईवे जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### कानून व्यवस्था को बिगाड़ने पर हुई कार्रवाई

पिछोर के एसडीओपी प्रशांत शर्मा के अनुसार, दिनारा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ



बीएनएस एक्ट की धारा 126 (2) के तहत अपराध क्रमांक 42/2025 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था को बिगाड़ने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# फर्स्ट टाइम वोटर्स में दिखा 'क्रेज'



**रणजीत टाइम्स**


मद्देनजर बुधवार को हुई वोटिंग में फर्स्ट टाइम वोटर खासे उत्साहित दिखे। राजेन्द्र नगर विधानसभा के इंद्रपुरी क्षेत्र में रहने वाली आलोकिता पांडेय ने कहा कि आज मैंने लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार अपनी भी भागीदारी की। इस दिन का मैं इंतजार कर रही थी और आज यह पूरा हुआ। मेरा मानना है कि हरेक दिल्लीवालों को इस महापर्व में हिस्सा लेकर राष्ट्र की नींव अवश्य मजबूत करनी चाहिए, क्योंकि मतदान महादान है। मुस्तफाबाद क्षेत्र में रहने वाली बुशरा ने कहा कि मैंने पहली बार वोट डाला है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए दिल्ली में और ज्यादा काम हो इस मुद्दे पर हमने वोट डाला है। साफ-सफाई की व्यवस्था और अच्छी हो इस मुद्दे पर वोट डाला है। एक और फर्स्ट टाइम वोटर अनमता ने कहा कि दिल्ली में अभी तक जो काम हुआ है वह काम आगे भी जारी रहे। महिलाओं के लिए जो कुछ सुविधाएं दी गई हैं वह सुविधाएं और बढ़े गरीब लोगों के लिए काम हो इस मुद्दे पर मैंने अपना वोट डाला है। फर्स्ट टाइम वोटर कशिश ने कहा कि मैंने तीनों ही पार्टियों की घोषणाओं का पहले अध्ययन किया है। उसके बाद मैंने वोट डालने का निर्णय लिया। दिल्ली में प्रदूषण की बहुत समस्या है। साफ-सफाई की थोड़ी समस्या है। यह सभी समस्याएं ठीक हो। इस मुद्दे पर वोट डाला है। वहीं, आर्या ने कहा कि मैं फर्स्ट टाइम वोटर हूं और पहली बार वोट देते हुए मैंने ज्यादा मुद्दों पर तो ध्यान नहीं दिया है। लेकिन, दिल्ली में साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी हो इस मुद्दे पर मैंने वोट डाला है।


आलोकिता पांडे


अनामता


आर्य


बुशरा


दुर्गा


कशिश

## मतदान के बाद दंपति ने मनाई 11वीं सालगिरह

गोल मार्केट नई दिल्ली विधानसभा में रहने वाले सुनील कुमार झा और खुशबू झा की पांच फरवरी को शादी की 11वीं सालगिरह थी। दंपति ने विवाह की 11वीं वर्षगांठ मतदान देकर मनाई।



## कई परिवारों की तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

**रणजीत टाइम्स**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बुधवार को कई परिवारों की तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया, जो लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में अपने पिता गोबिंद राम केजरीवाल, मां गीता देवी और बेटे पुलकित केजरीवाल के साथ वोट डाला। कई मतदान केंद्रों पर इसी तरह के दृश्य देखे गए, जहां परिवार की तीन पीढ़ियां अपने मताधिकार का प्रयोग करने एक साथ पहुंचीं। विकासपुरी में 20 वर्षीय ऋत्विक मित्तल ने अपने 40 वर्षीय पिता और 78 वर्षीय दादा के साथ मतदान किया। ऋत्विक ने कहा, ''तीन पीढ़ियां, एक प्रतिबद्धता। हमारा परिवार अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक साथ मतदान करता है। जब हम (मतदान में) भाग लेते हैं तो लोकतंत्र फलता-फूलता है।

## ट्रांसजेंडरों ने बेहतर भविष्य और सशक्तीकरण की उम्मीद में किया मतदान

दिल्ली में रहने वाली 29 वर्षीय ट्रांसजेंडर मधुबाला ने पहली बार मतदान करते हुए बेहतर भविष्य की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि हम ऐसी नीतियां चाहते हैं जो हमें सशक्त बनाएं, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करें और हमें समान अवसर प्रदान करें। दिल्ली में कुल 1.55 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 1,261 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। ट्रांसजेंडर की सबसे अधिक संख्या (294) दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में है। ट्रांसजेंडर समुदाय के कुछ सदस्य पहली बार मतदान करने में सक्षम होने को लेकर उत्साहित हैं और वे इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान देने और सभी के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के एक मूल्यवान अवसर के रूप में देख रहे हैं। पेशे से नृतका मधुबाला ने कहा कि मैंने इस विश्वास के साथ पहली बार मतदान किया कि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। मधुबाला बच्चों को बॉलीवुड शैली का नृत्य सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में मानवाधिकारों से लेकर बुनियादी ढांचे तक कई चीजें हैं जिन्हें ठीक करने की आवश्यकता है। हमारे समुदाय को ऐसे नेताओं की जरूरत है, जो हमारी उपेक्षा न करें और हमें दूसरों के साथ लेकर चलें।

## चुनाव में बुजुर्गों ने दिखाया गजब का उत्साह


### उम्र की मजबूरियों को पीछे छोड़ते हुए जमकर डाला वोट

**रणजीत टाइम्स**


चुनावों के लिए बुधवार को हुए मतदान को लेकर हर ओर एक गजब का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान बुजुर्गों ने भी उम्र की सीमा के बंधन को तोड़ते हुए जमकर वोट डाले। बुधवार को दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्गों ने अपने परिवार वालों के साथ बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। उन्होंने इस मोर्चे पर न केवल अन्य मतदाताओं को पछाड़ते हुए मजबूत सरकार बनाने में भागीदार बने बल्कि अपना जज्बा भी दिखाया। 97 वर्षीय लक्ष्मी देवी ने अपनी पुत्रवधु अनीता शर्मा के साथ सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र के दिलशाद कॉलोनी इलाके में बने मतदान केन्द्र पर अपना वोट डाला। उन्होंने बताया कि हर किसी को अपना वोट डालना चाहिए। यह लोकतंत्र की खूबसूरती है। मजबूत व स्थायी सरकार बनाने लिए भी यह जरुरी है। उन्होंने बताया कि करीब 25 लोगों के परिवार में वे सबसे बड़ी हैं। अपने जीवन में पहली वोट के बाद से ही उन्होंने हर चुनाव में वोट डाला है। लोकतंत्र के प्रति अपनी इस जिम्मेदारी को वे हमेशा याद रखती हैं। वहीं उनकी पुत्रवधु अनीता शर्मा ने कि कि माता जी के इस जज्बे को हम सलाम करते हैं और हमेशा उनको वोट डलवाने के लिए सेंटर तक लाते हैं। 86 वर्षीय राम प्यारे भगत ने भी दिलशाद कॉलोनी में अपने परिजनों के साथ वोट डाला। विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र से 72 साल के सीनियर सिटीजन विजय महाना ने भी अपनी पत्नी नीलम महाना के साथ अपना वोट कास्ट किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक पूरे संघर्ष के साथ अपना घर-आशियाना तैयार करते हैं। ऐसे में देश व समाज को मजबूत बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए हर चुनाव में वोट करना जरुरी है। मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से बुजुर्ग सगीर अहमद ने भी बुधवार को अपना वोट डाला। बदरपुर से 82 वर्षीय विष्णु दत्त शर्मा ने भी उत्साह दिखाया। उन्होंने अपने परिजनों के साथ वोट डाला। जनकपुरी की उषा भट्ट भी वोट को लेकर बहुत उत्साहित दिखी।











# 8 फरवरी को मिलेंगे इन सवालों के जवाब...?

**रणजीत टाइम्स** *: दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार वोटिंग संपन्न हो गई। इस दौरान दिल्लीवासियों ने बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद अब सभी की निगाहें आठ फरवरी को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं। आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़े सभी सवालों के जवाब मिलेंगे। ऐसे में आठ सवाल ऐसे हैं जो आज हर दिल्लीवासी की जुबान पर है। आइए जानते हैं कौन से वो सवाल हैं जिनके जवाब के लिए हर दिल्लीवासी बेसब्री से आठ फरवरी का इंतजार कर रहा है।*



### 1 क्या चौथी बार आप बना पाएगी दिल्ली में सरकार?

क्या आम आदमी पार्टी दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाकर कांग्रेस का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी। इस बार आम आदमी पार्टी के सामने कई चुनौतियां हैं। बता दें कि आम आदमी पार्टी 2013, 2015 और 2020 में विधानसभा चुनाव जीतकर तीन बार सरकार बनाने सफल रही है।

### 2 क्या दिल्ली में बीजेपी का 27 साल का वनवास खत्म होगा?

दिल्ली में बीजेपी की ओर से आखिरी मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज थीं जो कि 1998 में दिल्ली की सीएम बनीं थीं। जिसके बाद से दिल्ली में कभी बीजेपी की सरकार नहीं बनीं।

### 3 क्या कांग्रेस खोया अस्तित्व वापस फिर से हासिल कर पाएगी?

2014 से कांग्रेस दिल्ली में न ही लोकसभा और न ही विधानसभा में अपना खाता खोल पाई है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की एक भी सीट नहीं आई है। ऐसे में दिल्ली के नतीजें कांग्रेस के लिए भी अहम हैं।

### 4 क्या दिल्ली में स्पिलिट वोटर का पैटर्न खत्म होगा?

क्योंकि दिल्ली में बीजेपी भले ही विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन ना कर रही हो लेकिन लोकसभा में वो लगातार क्लीन स्वीप कर रही हैं। ऐसे में सवाल ये कि यहां का वोटर केंद्र में मोदी और दिल्ली में केजरीवाल के नाम पर पिछले तीन चुनाव से वोट कर रहा है। क्या इस बार ये पैटर्न बदलेगा ?

### 5 फ्री की योजनाओं का भविष्य क्या होगा?

क्योंकि दिल्ली के चुनाव में सबसे ज्यादा जोर फ्री को लेकर हैं। हर पार्टी ने मुफ्त की तमाम योजनाओं का एलान किया है। ऐसे में क्या मुफ्त की ये योजनाएं अब चुनाव में सबसे बड़ा रोल अदा करेंगी। ये भी दिल्ली की जनता तय करेगी ?

### 6 क्या अगला सीएम फिर नई दिल्ली सीट से होगा?

ये सीट दिल्ली को पिछले 6 बार से सीएम दे रही है। तीन बार शीला दीक्षित इस सीट से मुख्यमंत्री बनीं हैं तो वहीं तीन बार अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं। हालांकि बीजेपी ने अपने सीएम चेहरे को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं।

### 7 क्या फिर होगा कांग्रेस-आम आदमी पार्टी में गठबंधन?

क्योंकि दोनों पार्टियां दिल्ली में पहले भी साल 2013 में मिलकर सरकार बना चुकी है हालांकि ये सरकार केवल 49 दिन ही चल पाई थी। यही नहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में पिछला लोकसभा चुनाव भी मिलकर ही लड़ा था।



### 8 क्या इस बार भी दिल्ली में होगा डिप्टी सीएम ?

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद डिप्टी सीएम बनाने का चलन शुरू हुआ, जबकि इससे पहले भाजपा और कांग्रेस की सरकार रहने के दौरान कभी भी डिप्टी सीएम नहीं बनाया गया। ऐसे में सवाल है कि क्या इस बार भी सत्ताधारी पार्टी दिल्ली में डिप्टी सीएम बनाएंगी?

## हर्षित-जडेजा के बाद आया श्रेयस-शुभमन और अक्षर का तूफान, जीत के साथ भारत ने बनाई 1-0 से बढ़त

**रणजीत टाइम्स**

भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इससे पहले टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-1 से हराकर सीरीज अपने नाम की थी। गुरुवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 47.4 ओवर में 248 रन बनाए। जवाब में भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। वनडे विश्व कप 2023 के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने आठ में से सात वनडे मैच गंवाए हैं। अब टीम इंडिया की नजर दूसरे वनडे में जीत के साथ अजेय बढ़त बनाने पर होगी। यह मुकाबला कटक में नौ फरवरी को खेला जाएगा। जायसवाल-रोहित के बाद गिल-अय्यर ने संभाला मोर्चा लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। यशस्वी जायसवाल (15) और रोहित शर्मा (02) 19 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद मोर्चा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 94 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस ने अपने वनडे करियर का 19वां पचासा किया। इसके लिए उन्होंने 30 गेंदें खेलीं। इस प्रारूप में यह उनके बल्ले से निकली दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 28 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था। जायसवाल-रोहित के बाद गिल-अय्यर ने संभाला मोर्चा लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। यशस्वी जायसवाल (15) और रोहित शर्मा (02) 19 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद मोर्चा शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 गेंदों में 94 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान दाएं हाथ के बल्लेबाज श्रेयस ने अपने वनडे करियर का 19वां पचासा किया। इसके लिए उन्होंने 30 गेंदें खेलीं। इस प्रारूप में यह उनके बल्ले से निकली दूसरी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उन्होंने 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 28 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

हर्षित ने भारतीय टीम की वापसी कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके बाद बटलर ने सधी हुई बल्लेबाजी कर इंग्लैंड को संभाला, लेकिन उनके आउट होने के बाद टीम फिर लड़खड़ाई। हालांकि, बेथेल टिके रहे और उन्होंने पचासा जड़ा। पर बेथेल के आउट होने के बाद शेष बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी। इंग्लैंड के लिए बटलर ने 52 रन, बेथेल ने 51 रन, सॉल्ट ने 43 रन और डकेट ने 32 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।